# मेरी सांसो में बसता मेरा श्याम है भजन लिरिक्स

मेरी सांसो में बसता मेरा श्याम है,
मेरे जीवन में हर पल ही आराम है,
मेरे श्याम के चलते जग में मेरा नाम है,
मेरे श्याम के चलते जग में मेरा नाम है,
मेरा नाम है, मेरा नाम है,
मेरी साँसो में बसता मेरा श्याम है,
मेरे जीवन में हर पल ही आराम है।bd।

तर्ज – कब तक चुप बैठे।

---

ना जाने कौन करम से,
ये श्याम कृपा है पाई,
किस्मत से ज्यादा देखो,
हमे शोहरत है पाई,
दुनिया के आगे रोने का क्या काम है,
क्या काम है, क्या काम है,
मेरी साँसो में बसता मेरा श्याम है,
मेरे जीवन में हर पल ही आराम है।bd।

---

जबसे ये लगन लगी है,
मस्ती में मैं रहता हूँ,
श्री श्याम नाम का प्याला,
मैं तो पिया करता हूँ,
सर चढ़कर बोले मेरे श्याम का जाम है,
हाँ जाम है, हो जाम है,
मेरी साँसो में बसता मेरा श्याम है,
मेरे जीवन में हर पल ही आराम है।bd।

---

कलयुग का देव निराला,
है बाबा श्याम हमारा,
दानी दातार बड़ा है,
हारे का है ये सहारा,
‘सूरज’ को लगता प्यारा खाटू धाम है,
खाटू धाम है, खाटू धाम है,
मेरी साँसो में बसता मेरा श्याम है,
मेरे जीवन में हर पल ही आराम है।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मेरी सांसो में बसता मेरा श्याम है,
मेरे जीवन में हर पल ही आराम है,
मेरे श्याम के चलते जग में मेरा नाम है,
मेरे श्याम के चलते जग में मेरा नाम है,
मेरा नाम है, मेरा नाम है,
मेरी साँसो में बसता मेरा श्याम है,
मेरे जीवन में हर पल ही आराम है।bd।

**Singer – Vikas Agrahari**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com